# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर

क्रमांक / मुख्य / सामान्य. / 2017 /320 दिनांक 31/03/2017

श्रीमान निदेशक महोदय (ऐडस)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये
जयपुर जोन जयपुर

विषयः– राज0सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या 03170532194761 / 24.03.17 के क्रम में ।

महोदयः

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि विगत दिनो जिले के निजी चिकित्सालय में उपचाराधिन रोगियों की मृत्यु हुई थी। उन रोगियों का उपचार करने वाले चिकित्सको द्वारा आशंका जताई गई की निजी ब्लॅड बैक से लिया गया सन्धिगद सक्रमित ब्लॅड चढाया जाने के कारण मृत्यु हुई है। कि अधो हस्ताक्षकर्ता द्वारा कमेटी गठन कर इस सन्दर्भ में जॉच प्रारम्भ की गई साथ ही तत्काल प्रभाव से ब्लॅड बैक को बन्द करवाया गया। ब्लॅड बैंक से छः रक्त नमूने ब्लॅड कलचर जॉच हेतु, ब्लॅड बैग तथा 34 रक्त नमूने क्रॉस मैच जॉच हेतु सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज लैब जयपुर भिजवाये गये, इन सभी जॉचो में सही पाये जाने पर आमजन की सुविधा को देखते हुए ब्लॅड बैक को पुनः सुरू करवाया गया। साथ ही आवश्यक जॉच हेतु सम्बधित ब्लॅड बैक तथा अस्पतालो से रिकार्ड लिया गया है ताकि जिन रोगियो की मृत्यु हुई है उनकी मृत्यु के कारणो की जॉच की जा सके। सभी बिन्दुओ पर जॉच अभी भी जारी है। निदेशालय स्तर से भी इस प्रकरण की जॉच की जा रही है। जॉच मे दोषी पाये जाने पर सम्बध्ति अस्पताल के विरूद नियमानुसार कार्यवाही आवश्यक रूप से की जायेगी ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
अलवर

क्रमांक / मुख्य / सामान्य / 2017 /320 दिनांक 31/03/2017

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. श्री ज्ञानेस कुमार 4 / 209 बी चित्रकुट वैशाली नगर जयपुर को सुचनार्थ।
2. कार्यालय प्रतिलिपि।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
अलवर